आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
27.12.2018

महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने आज कारखाना परिसर स्थित स्टाफ केंटीन का औचक निरीक्षण किया और उन्होंने स्टाफ केंटीन में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया ।

महाप्रबंधक के द्वारा कर्मचारियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य–कर बिन्दुओं पर विशेष जोर दिया गया। केंटीन में उपलब्ध सुविधाओं को देखकर महाप्रबंधक ने प्रसन्नता व्यक्त किया ।

महाप्रबंधक के द्वारा स्टाफ केंटीन और उसके आस–पास के क्षेत्र की साफ–सफाई हेतु उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त केंटीन में कर्मचारियों की सुविधाओं व मनोरंजन सुविधाओं के विस्तार हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया । इसके साथ–साथ, उन्होंने केंटीन परिसर में खाली पड़े जमीनों में बागवानी हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए ।

केंटीन में बायो–जैविक कचड़े के निष्पादन हेतु लगाए गए बायो गैस संयंत्र का भी निरीक्षण किया और उन्होंने केंटीन में कार्यरत कर्मचारियों को उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

महाप्रबंधक के इस निरीक्षण के दौरान जय देव कुमार प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, रामबृक्ष यादव प्रधान मुख्य इंजीनियर, पी.के. सक्सेना उप मुख्य विद्युत अभियंता/पॉवर सप्लाई, मनीष सिंह उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, एस.के. सिंह उप मुख्य अभियंता–।। एवं आर.पी.शर्मा सचिव/महाप्रबंधक उपस्थित थे ।

27/12

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी